सर्पदंश से महिला की मौत, परिजनों ने मेडिकल कालेज में किया हंगामा

प्रतापगढ़। जिले में अलग-अलग स्थानों पर सांप के डसने से महिला की मौत हो गयी, जबकि एक युवक की हालत गंभीर होने पर उसे प्रयागराज रिफर कर दिया गया। महिला की मौत के बाद परिजनों ने मेडिकल कालेज में इलाज में लापरवाही का आरोप लगाकर हंगामा किया।

कोहंडौर थाना क्षेत्र के मठिया शाहपुर गांव निवासी मो. मुस्तफा की ४७ वर्षीय पत्नी गुड्डा बुधवार शाम खेत में काम करके घर लौटी थी। इसके बाद वह खाना बनाने के लिए लकड़ी निकालने गयी। इसी दौरान सांप ने उसे डस लिया। परिजन आनन-फानन में उसे मेडिकल कालेज ले गए, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी। इससे आक्रोशित परिजनों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाकर हंगामा शुरू कर दिया। इस दौरान कर्मचारी इमरजेंसी छोड़कर भाग खड़े हुए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं, कंधई थाना क्षेत्र के उतरास गांव निवासी राजेंद्र गुप्ता के २३ वर्षीय बेटे सोनू को बुधवार रात सांप ने डस लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे मेडिकल कालेज लेकर पहुंचे। युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे प्रयागराज रिफर कर दिया।

पेशी के दौरान बिगड़ी हत्यारोपित की हालत

प्रतापगढ़। मानधाता के परसरामपुर निवासी नियाजुद्दीन (३३) आठ माह से हत्या के मामले में जिला जेल में बंद है। गुरुवार को उसे कोर्ट में पेशी पर ले आया गया था। इस दौरान वह अचानक अचेत होकर गिर गया। इससे वहां अफरातफरी मच गयी। ड्यूटी पर मौजूद पुलिसकर्मी उसे मेडिकल कालेज ले आए। जहां इलाज चल रहा है।


सगरासुन्दरपुर बाजार की श्रीरामलीला में भरत मिलाप का मनमोहक दृश्य।

भरत मिलाप देखकर भर आयी श्रद्धालुओं की आंखें, कलाकार हुए सम्मानित

सगरा सुंदरपुर में निकली झांकियों पर हुई पुष्पवर्षा

लालगंज, प्रतापगढ़। सगरा सुंदरपुर बाजार के लक्ष्मणपुर रोड पर राम भरत मिलाप को देख श्रद्धालुओं की आंखे भर आयीं। जय मां दुर्गा पूजा एवं श्रीराम लीला समिति की ओर से दस दिनों तक मनमोहक रामलीला के मंचन के तहत भरत मिलाप देखने बड़ी संख्या में लोगों को जुटा देखा गया।

बाजार की सड़कों पर निकाली गयी झांकियों पर पुष्पवर्षा भी हुई। भक्तों ने शंकर पार्वती, राधा कृष्ण, मां काली, सुदामा, विष्णु, कमल दरबार, नन्दी ताण्डव और शिव ताण्डव की झांकियों को अपलक निहारा। मुख्य अतिथि अभय सिंह उर्फ मुन्ना ने श्रीरामलीला के भव्य मंचन से जुड़े कलाकारों को सम्मानित किया। राम के रूप में अभिषेक गुप्ता, लक्ष्मण के चरित्र में आदर्श गुप्ता तथा भरत के किरदार में प्रद्युम्न मिश्र और शत्रुघ्न के चरित्र में अनूप जायसवाल तथा मां सीता के किरदार में आर्यन जायसवाल एवं हनुमान जी के किरदार में विजय वैश्य तथा बाल हनुमान के किरदार में अंकुश गुप्ता के सराहनीय अभिनय के लिए समिति द्वारा इन्हें माल्यार्पण एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया।

कार्यक्रम का संयोजन समाजसेवी संजय शुक्ल एवं रामनयन वर्मा ने संयुक्त रूप से किया। दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष शिवशंकर शुक्ल ने कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं समाजसेवी रत्नाकर त्रिपाठी ने संचालन किया। इस मौके पर सुशील बरनवाल, अंजनेय शुक्ल, गोपाल जायसवाल, डब्बू कोरी, राजकुमार वर्मा, नन्हें यादव, दिनेश शर्मा, पिण्टू वर्मा, मनोज शुक्ला, जाकिर अली, रवि तिवारी, अजय जायसवाल, ओम नारायण वर्मा, नीरज यादव, अजय वैश्य आदि रहे।


दुर्गा पूजा पण्डाल से दान पेटिका चोरी करने का आरोपित गिरफ्तार

बाबागंज, प्रतापगढ़। संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के सराय भवानी सिंह गांव में दुर्गा पूजा पंडाल से दान पेटिका चोरी करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। उसकी निशानदेही पर चोरी की गयी दान पेटिका बरामद की गयी। तलाशी के दौरान उसके पास से १३० रुपये मिले। दान पेटिका में करीब १५ हजार रुपये रखे होने की बात कही गयी थी। पुलिस के अनुसार, २० अक्तूबर की रात सार्वजनिक दुर्गा पूजा पंडाल में मां दुर्गा की प्रतिमा के पास रखी दान पेटिका चोरी हो गयी थी। मामले में गांव निवासी राजेन्द्र पटेल के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। गुरुवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने बंधा तिराहे के पास से आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपित ने दान पेटिका से रुपये निकालने के बाद उसे गांव के बाहर झाड़ियों में फेंकने की जानकारी दी। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने पेटिका बरामद कर ली। पुलिस ने मुकदमे में बीएनएस की धारा ३१७(२) भी बढ़ाई है। कारवाई पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देशन में थाना प्रभारी सिद्धार्थ सिंह के नेतृत्व में की गयी। टीम में उपनिरीक्षक अंशु सिंह सेंगर, कांस्टेबल वीरपाल और रिजर्व कांस्टेबल विवेक यादव शामिल रहे।

१३० रुपये बरामद

बाउंड्रीवाल तोड़ी, युवती पर किया जानलेवा हमला

प्रतापगढ़। अंतू थाना क्षेत्र के लोहंगपट्टी निवासी रमेश कुमार यादव का परिवार के बृजेश यादव से जमीन का विवाद चल रहा है। रमेश के अनुसार, उन्हें बंटवारे में बाउंड्री मिली है। २१ अक्तूबर को बृजेश और गीता देवी बाउंड्री फावड़े से तोड़ रहे थे। घर पर मौजूद उनकी बेटी अन्नू ने विरोध किया तो बृजेश और गीता ने अन्नू को मारपीट कर घायल कर दिया। इससे वह जमीन पर गिरकर बेहोश हो गयी। मामले में रमेश की तहरीर पर पुलिस ने गुरुवार को बृजेश और गीता देवी के खिलाफ जानलेवा हमले केस दर्ज किया।


जीआईसी में पोलिंग पार्टी रवानगी का निरीक्षण करते डीएम अभिषेक पाण्डेय।

घर में घुसकर मारपीट का आरोप दम्पती और बच्चे घायल

सदहा गांव की घटना पीड़ित ने पुलिस से लगायी न्याय की गुहार

पट्टी, प्रतापगढ़। कोतवाली क्षेत्र के सदहा गांव में घर में घुसकर मारपीट करने का मामला सामने आया है। गांव निवासी राम बरन पुत्र कुज्जन ने आरोप लगाते हुए पुलिस से कारवाई की मांग की है।

पीड़ित के अनुसार, २१ अक्तूबर की सुबह करीब आठ बजे वह घर के सामने झाड़ू लगा रहा था। इसी दौरान विवाद होने पर उसके साथ मारपीट की गयी। बचने के लिए वह घर के अंदर भागा तो आरोपितों ने घर में घुसकर परिवार के सदस्यों को भी पीटा। घटना में राम बरन, उसकी पत्नी और नाबालिग बच्चों सहित परिवार के लोग घायल हो गए। शोर सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया।

पीड़ित ने आरोप लगाया कि घटना के बाद परिवार को जान से मारने की धमकी दी जा रही है। उसने २२ अक्तूबर को पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर एफआईआर दर्ज करने और कारवाई की मांग की। कोतवाल प्रदीप कुमार ने बताया कि शिकायत के आधार पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

नाबालिग को बहलाकर जेवर लेने और मारपीट का आरोप

एससी-एसटी एक्ट में मुकदमा दर्ज

प्रतापगढ़। अन्तू थाना क्षेत्र में १० वर्षीय बच्चे को बहलाकर घर से जेवर मंगवाने और विरोध करने पर मारपीट कर हाथ तोड़ने का आरोप लगा है। न्यायालय के विशेष न्यायाधीश (एससी-एसटी एक्ट) के आदेश पर पुलिस ने मोबाइल दुकानदार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

अधारपुर गांव निवासी सुनीता सरोज ने आरोप लगाया कि घर से दो जोड़ी चांदी की पायल और पांच ग्राम सोने के कान के टप गायब हो गए थे। पूछताछ में उनके बेटे रुद्र प्रताप ने बताया कि गौरबारी बाजार में मोबाइल की दुकान चलाने वाले गढ़ा निवासी सचिन वर्मा ने चाकलेट, बिस्कुट और रुपये का लालच देकर उससे जेवर मंगवाए थे। सुनीता अपने बेटे के साथ जेवर वापस मांगने दुकान पहुंचीं तो आरोप है कि सचिन ने जातिसूचक गालियां दीं और जान से मारने की धमकी दी। विरोध करने पर डंडे से हमला कर बच्चे का बायां हाथ तोड़ दिया। सुनीता के मुताबिक, शुरुआत में पुलिस ने सुनवाई नहीं की। बाद में बच्चे का सीएचसी संडवा चंद्रिका में उपचार कराया गया। पुलिस ने धोखाधड़ी, चोट पहुंचाने, धमकी और एससी-एसटी एक्ट की धाराओं में एफआईआर दर्ज की है। मामले की जांच सीओ आशुतोष मिश्रा को सौंपी गयी है।

युवक ने फांसी लगाकर दी जान

प्रतापगढ़। देल्हूपुर थाना क्षेत्र के भोपतपुर गांव निवासी श्रीनाथ पटेल का बेटा सनी पटेल (२५) दो भाइयों में बड़ा था। बुधवार शाम उसने घर में गमछे से फांसी लगाकर जान दे दी। परिजनों ने काफी देर बाद उसे देखा और फंदे से नीचे उतारा लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसओ राधेश्याम ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। उसने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है।

छोटा हाथी वाहन से गिरा सर्जिकल सामान, तलाश जारी

कटरामेदनीगंज, प्रतापगढ़। प्रयागराज से प्रतापगढ़ होते हुए अमेठी जा रहे छोटा हाथी वाहन से सर्जिकल सामान का एक बंडल गिर गया। घटना निर्माणाधीन कुसमी फाटक के पास की बताई जा रही है। सामान गिरने की जानकारी होने पर चालक ने वापस लौटकर तलाश की, लेकिन उसका पता नहीं चल सका।

जानकारी के अनुसार, प्रयागराज निवासी चालक राजेश कुमार वाहन पर सर्जिकल सामान लादकर अमेठी जा रहे थे। कुसमी फाटक के पास सड़क पर झटका लगने से सामान का एक बंडल वाहन से गिर गया। कुछ दूर आगे जाने पर चालक को इसकी जानकारी हुई। इसके बाद उन्होंने वापस आकर आसपास खोजबीन की, लेकिन सामान नहीं मिला।

चालक ने स्थानीय लोगों से अपील की है कि किसी को सर्जिकल सामान का पैकेट मिले तो उन्हें सूचना दें, ताकि सामान वापस मिल सके।

हादसे में तीन मौतों में डंपर चालक पर केस दर्ज

प्रतापगढ़। बाघराय थाना क्षेत्र के छेंवगा के पास बुधवार को हुए सड़क हादसे में तीन लोगों की जान गयी थी। डंपर की टक्कर से हैदर भारती, उसकी पत्नी रीता भारती निवासी बांके जलालपुर मऊआइमा प्रयागराज और उसके साले नोखेलाल निवासी गयासपुर कुंडा की मौत हो गयी थी। जबकि नोखे के मासूम बेटा शिवम गंभीर घायल हो गया था। मृतक हैदर भारती के भाई खिस्सू भारती की तहरीर पर पुलिस ने डंपर चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

शराब पीने के बाद भाइयों में विवाद

युवक ने खुद को लगायी आग

कटरामेदनीगंज, प्रतापगढ़। कोतवाली देहात क्षेत्र में शराब पीने के बाद दो भाइयों के बीच विवाद हो गया। इसके बाद एक युवक ने खुद को आग के हवाले कर दिया। गंभीर हालत में उसे प्रयागराज रिफर किया गया है।


जानकारी के अनुसार, टिकैत भदोही निवासी रोहित सिंह (३३) पुत्र कृष्ण कुमार सिंह अपने भाई के साथ शराब पी रहा था। इसी दौरान किसी बात को लेकर दोनों में विवाद हो गया। बताया जाता है कि रोहित ने आग लगाने की बात कही और वहां से चला गया। रात करीब दो बजे घर से कुछ दूरी पर स्थित मुर्गी फार्म में उसने खुद को आग लगा ली। शोर सुनकर पहुंचे परिजन उसे जिला अस्पताल ले गए, जहां से डाक्टरों ने प्रयागराज रिफर कर दिया। बताया गया कि पिछले साल भी दोनों भाइयों के बीच विवाद हुआ था। रोहित की अभी शादी नहीं हुई है।

दहेज उत्पीड़न, जबरन गर्भपात और जानलेवा हमले का आरोप, पति सहित चार पर केस

प्रतापगढ़। महिला थाना पुलिस ने सहायक अध्यापिका की तहरीर पर पति सहित चार लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, मारपीट, जबरन गर्भपात कराने और जानलेवा हमले सहित अन्य आरोपों में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। शिकायत के मुताबिक, शालू सिंह की शादी १० दिसंबर २०१८ को राघवेन्द्र प्रताप सिंह से हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल के लोग अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर उन्हें प्रताड़ित करने लगे। मारपीट में उनका हाथ भी फ्रैक्चर हो गया था। पीड़िता ने पति पर दूसरी महिला से संबंध होने का आरोप लगाते हुए विरोध करने पर मारपीट और जबरन गर्भपात कराने की बात कही है। आरोप है कि वर्ष २०२३ में पति ने संपत्ति खरीदने का झांसा देकर तलाक के कागजात पर हस्ताक्षर करा लिए और फर्जी दस्तावेजों के आधार पर तलाक की डिक्री हासिल कर ली। पीड़िता के मुताबिक, १६ अक्तूबर की रात पति ने गला दबाकर जान से मारने का प्रयास किया। महिला थाना पुलिस ने पति राघवेन्द्र प्रताप सिंह, सास रेखा सिंह, ससुर सुरेंद्र नारायण सिंह और चचिया श्वसुर भूपेंद्र बहादुर सिंह के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया है। उपनिरीक्षक अशोक कुमार सिंह को जांच सौंपी गयी है।

सब्जी लेकर घर जा रहे युवक को पीटा, सिर फटा

पट्टी, प्रतापगढ़। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के बीबीपुर ठकुरान गांव में गाली-गलौज का विरोध करने पर युवक की पिटाई कर दी गयी। इसमें उसका सिर फट गया और कपड़े भी फट गए। गांव निवासी चंद्रभूषण सिंह के अनुसार, २१ अक्तूबर की शाम करीब चार बजे वह पट्टी बाजार से सब्जी लेकर घर लौट रहे थे। रास्ते में गांव के वीरेंद्र कुमार सहि ने उनकी मां और बहन को लेकर गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपित ने मारपीट की।


भरत मिलाप पर आकर्षित विद्युत सजावट।

आकर्षक लाइटों से जगमगाया चौक घंटाघर, भरत मिलाप में उमड़े लोग

प्रतापगढ़। बेल्हा का ऐतिहासिक भरत मिलाप पारंपरिक श्रद्धा और उल्लास के साथ शुरू हो गया। इस अवसर पर शहर के प्रमुख चौक घंटाघर को आकर्षक रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया गया है। रोशनी से जगमगाता घंटाघर और आसपास का क्षेत्र लोगों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

रात होते ही शहर की सड़कों पर आकर्षक झांकियों के निकलने का सिलसिला शुरू हो गया। झांकियों को देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़ पड़े। पूरा शहर धार्मिक उत्साह और उल्लास में डूबा नजर आया। भरत मिलाप के आयोजन को लेकर लोगों में खासा उत्साह दिखा। उत्सव के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस और प्रशासन मुस्तैद रहा। भीड़ को नियंत्रित करने और शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए १००० से अधिक पुलिसकर्मियों की तैनाती की गयी। वहीं, यातायात व्यवस्था सुचारु रखने के लिए शहर में रूट डायवर्जन लागू किया गया, ताकि श्रद्धालुओं को आवागमन में परेशानी न हो।

संक्षिप्त समाचार

एसडीएम द्वितीय के न्यायालय कार्यालय में अधिवक्ता से मारपीट, दो नामजद

प्रतापगढ़। कोतवाली नगर क्षेत्र स्थित अपर उपजिलाधिकारी द्वितीय के न्यायालय कार्यालय में अधिवक्ता से मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने दो नामजद आरोपितों सहित अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शहर के अधिवक्ता शशिभूषण शुक्ल के अनुसार, २१ अक्तूबर को सुबह करीब ११.१५ बजे वह अपने भाई काली प्रसाद शुक्ल के साथ एक निजी मुकदमे की पैरवी के लिए न्यायालय पहुंचे थे। पीठासीन अधिकारी की अनुपस्थिति में तारीख को लेकर विपक्षी पक्ष से विवाद हो गया। आरोप है कि चन्द्र प्रकाश शुक्ल और श्यामप्रकाश शुक्ल ने अपने कुछ अज्ञात साथियों के साथ मिलकर उन पर हमला कर दिया। आरोपितों ने कार्यालय में रखी कुर्सी और पाइप से चेहरे एवं शरीर पर वार किए। साथ ही दोबारा पैरवी करने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मारपीट एवं धमकी की रिपोर्ट दर्ज कर ली। उपनिरीक्षक अंकित कुमार तिवारी मामले की जांच कर रहे हैं।

पटाखों का जखीरा बरामद, दो आरोपित गये जेल

लालगंज, प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने औचक दबिश देकर अवैधानिक पटाखों का जखीरा बरामद करने में सफलता ली है। लालगंज कोतवाल आलोक कुमार के निर्देशन में दरोगा मिथलेश चौरसिया ने मुखबिरी सूचना पर बाबूगंज बाजार के समीप समापुर में एक पेट्रोल पम्प के पीछे औचक छापेमारी की। बंद मकान को खुलवाने पर पुलिस ने तलाशी ली। इस दौरान पुलिस ने घर से बिना लाइसेंसी पटाखों का जखीरा बरामद किया। इसके तहत पुलिस ने चार बोरी एवं एक गत्ते में पटाखे के साथ आधा बोरी नलकी एवं एक बोरी पेपरमिर्ची पटाखे, अनार, राकेट पटाखा, चकरी पटाखा, छोटी फुलछड़ी, लाल पटाखा आदि को बरामद किया। पुलिस की गिरफ्त में आए आरोपित समापुर निवासी मो० अनीस पुत्र कल्लू तथा मो० अयान पुत्र अनीस उर्फ हवाईदार के खिलाफ विस्फोटक पदार्थ अधिनियम का केस दर्ज किया है। गुरूवार को दोपहर बाद पुलिस ने आरोपित को जेल भेज दिया।

एटीएम कार्ड बदलकर खाते से निकाले ८० हजार

प्रतापगढ। संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के रतनपुर गांव निवासी गोविन्द कुमार पुत्र मोतीलाल तीन दिन पहले किसी काम से कुंडा आया था। कुण्डा कस्बे के तिलौरी मोड़ स्थित एसबीआई शाखा के एटीएम बूथ से पैसे निकालने गया। पहले से मौजूद लोगों ने उसे झांसे में लेकर उसका एटीएम कार्ड बदल लिया। पैसे नहीं निकलने पर वह वापस चला गया। बाद में मोबाइल पर खाते से ८० हजार रुपये निकाले जाने का मैसेज पहुंचा तो परेशान हो गया। पीड़ित ने बैंक में शिकायत करने के साथ ही पुलिस को भी मामले की तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर कारवाई की बात कह रही है।

राम-भरत मिलाप देखकर छलक उठीं आंखें जय श्रीराम के जयकारों से गूंजा जामताली

पुष्प वर्षा और गाजे-बाजे के साथ चारों भाइयों का मिलन

बनीतेरहमील, प्रतापगढ़। रानीगंज तहसील क्षेत्र के जामताली बाजार में मेला कमेटी की ओर से आयोजित दो दिवसीय दशहरा मेला एवं ऐतिहासिक भरत मिलाप श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। रावण वध के बाद १४ वर्ष का वनवास पूरा कर माता सीता और भाई लक्ष्मण के साथ अयोध्या लौटे प्रभु श्रीराम का भरत से मिलन देख श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं। भोर में चारों भाइयों के मिलन पर जय श्रीराम के जयकारों से पूरा बाजार गूंज उठा। लोगों ने पुष्प वर्षा कर भगवान का स्वागत किया। आयोजन में रामदल, भरत दल, हनुमान दल, शंकर दल, लव-कुश दल, परशुराम दल और गणेश दल ने आकर्षक झांकियां प्रस्तुत कीं। शंकर-पार्वती, राधा-कृष्ण और शिव तांडव की झांकियों ने लोगों का मन मोह लिया। जामताली प्रधान एवं संरक्षक प्रमोद दुबे तथा मेला कमेटी अध्यक्ष दिलीप मोदनवाल ने भगवान की आरती उतारी और अतिथियों को सम्मानित किया। शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस बल तैनात रहा। सीओ रानीगंज, थानाध्यक्ष और चौकी प्रभारी ने रातभर निगरानी की। प्रधान प्रमोद दुबे ने आयोजन में सहयोग करने वाले व्यापारियों, समाजसेवियों, पत्रकारों और क्षेत्रीय जनता के प्रति आभार जताया।

स्नातक-शिक्षक एमएलसी चुनाव के लिए २९ पोलिंग पार्टियां रवाना

आज सुबह आठ से शाम चार बजे तक होगा मतदान जिले में ३१,५२८ मतदाता करेंगे मताधिकार का प्रयोग

प्रतापगढ़। लखनऊ खंड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव के लिए गुरुवार को जीआईसी से २९ पोलिंग पार्टियां रवाना की गईं। जिले में २३ अक्तूबर को मतदान होगा। प्रशासन ने निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिए तैयारियां पूरी कर ली हैं। जिले में स्नातक निर्वाचन के लिए २४,२६१ और शिक्षक निर्वाचन के लिए ७,२६७ मतदाता पंजीकृत हैं। इस तरह दोनों निर्वाचन क्षेत्रों में कुल ३१,५२८ मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। स्नातक निर्वाचन के लिए २९ और शिक्षक निर्वाचन के लिए १९ मतदेय स्थल निर्धारित किए गए हैं। मतदान सुबह आठ बजे से शाम चार बजे तक होगा। जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक पाण्डेय ने जीआईसी प्रतापगढ़ स्थित पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान कार्मिकों को भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों और निर्धारित नियमों का पालन करने का निर्देश दिया।

कहा कि सभी कार्मिक निष्पक्षता, सतर्कता और जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। डीएम ने पोलिंग पार्टियों को निर्धारित मतदान केंद्रों पर समय से पहुंचने तथा निर्वाचन सामग्री, आवश्यक अभिलेखों और अन्य व्यवस्थाओं की जांच पहले ही सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्वाचन कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी डा. राममोहन मीना, अपर जिलाधिकारी प्रेमचंद मौर्य, अपर पुलिस अधीक्षक आलोक कुमार, मुख्य राजस्व अधिकारी अजय कुमार तिवारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

शिक्षकों और स्नातक मतदाताओं को आज विशेष अवकाश

प्रतापगढ़। लखनऊ खंड स्नातक एवं खंड शिक्षक निर्वाचन-२०२६ के मतदान के मद्देनजर जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय ने शुक्रवार को विशेष अवकाश घोषित किया है। यह अवकाश जिले के शैक्षिक संस्थानों में कार्यरत शिक्षकों और विभिन्न संस्थानों में कार्यरत स्नातक मतदाताओं को मिलेगा। जिले के परिषदीय, माध्यमिक, मान्यता प्राप्त, सहायता प्राप्त, सीबीएसई, आईसीएसई सहित अन्य बोर्ड के विद्यालयों तथा सरकारी, निजी और अर्द्धसरकारी महाविद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को इसका लाभ मिलेगा। डीएम ने संस्थानों के प्रबंधकों, प्रधानाचार्यों और प्रधानाध्यापकों को निर्देश दिया है कि विशेष अवकाश की कटौती शिक्षकों के आकस्मिक अवकाश खाते से नहीं की जायेगी। इसी तरह जिले के सभी सरकारी, निजी और अर्द्धसरकारी संस्थानों में कार्यरत स्नातक मतदाताओं को भी मतदान के लिए विशेष अवकाश दिया जायेगा। संबंधित विभागाध्यक्षों और प्रबंधन को निर्देशित किया गया है कि कर्मचारियों को मतदान के लिए अवकाश उपलब्ध कराएं। इस अवकाश की कटौती भी उनके आकस्मिक अवकाश खाते से नहीं की जायेगी।

पावर बोर्ड मांगने पर मारपीट तीन लोगों पर मुकदमा

पट्टी, प्रतापगढ। कोतवाली क्षेत्र के पृथ्वीगंज बाजार में दुकान से पावर बोर्ड मांगने पर विवाद हो गया। आरोप है कि दुकानदार और उसके दो बेटों ने युवक के साथ मारपीट की। पुलिस ने तीन आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

रमईपुर दिशिनी निवासी राकेश कुमार गौतम के अनुसार, २१ अक्तूबर की सुबह उनका बेटा नितिन गौतम छह महीने पहले दुकान पर दिया गया पावर बोर्ड मांगने गया था। आरोप है कि इस दौरान नंदलाल उर्फ नंदू, रवि गुप्ता और अंकित गुप्ता ने गाली-गलौज करते हुए उसकी पिटाई कर दी। नंदलाल पर गला दबाने का भी आरोप है। बीच-बचाव करने पहुंचे शिवम गौतम के साथ भी मारपीट की गयी। आरोपितों ने जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने मामले की जांच उपनिरीक्षक प्रदीप सिंह को सौंपी है।

मतदान संबंधी शिकायत के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी, २४ घंटे मिलेगी सुविधा

लिपिकीय त्रुटि के आधार पर मतदाता को मतदान से नहीं रोका जाये

प्रतापगढ़। उत्तर प्रदेश विधान परिषद के लखनऊ खंड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए २३ अक्तूबर को होने वाले मतदान के मद्देनजर जिला निर्वाचन कार्यालय ने हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय ने बताया कि मतदान और निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी, सुझाव या शिकायत के लिए मतदाता इन नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं।

जिला प्रशासन की ओर से ०५३४२-२९७८४५ और ९४५४४१८०३१ हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं। दोनों नंबर २४ घंटे संचालित रहेंगे। मतदाता और आमजन निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़ी किसी भी समस्या या शिकायत को इन नंबरों पर दर्ज करा सकते हैं।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि मतदाता सूची में लिपिकीय त्रुटि होने मात्र के आधार पर किसी भी मतदाता को मतदान के अधिकार से वंचित नहीं किया जायेगा। यदि किसी मतदाता को ऐसी त्रुटि का हवाला देकर मतदान करने से रोका जाता है, तो वह तत्काल जिला निर्वाचन कार्यालय के हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क कर अपनी शिकायत दर्ज करा सकता है।

डीएम ने कहा कि मतदाताओं के मतदान के अधिकार की सुरक्षा और निर्वाचन प्रक्रिया को सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने मतदाताओं से किसी भी समस्या की स्थिति में हेल्पलाइन का उपयोग करने की अपील की।

एमएलसी चुनाव में फोटो पहचान पत्र नहीं तो १० वैकल्पिक दस्तावेजों से कर सकेंगे मतदान

प्रतापगढ़। उत्तर प्रदेश विधान परिषद के लखनऊ खंड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के द्विवार्षिक चुनाव में शुक्रवार, २३ अक्तूबर को मतदान होगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रेमचंद मौर्य ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाताओं को मतदान के समय मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा। पहचान पत्र उपलब्ध नहीं होने या प्रस्तुत करने में असमर्थ होने पर निर्धारित १० वैकल्पिक दस्तावेजों में से कोई एक दिखाकर मतदान किया जा सकेगा। इनमें आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, सरकारी अथवा निजी संस्थानों द्वारा जारी सेवा पहचान पत्र, सांसदों, विधायकों और पार्षदों को जारी सरकारी पहचान पत्र, शैक्षिक संस्थान का सेवा पहचान पत्र, विश्वविद्यालय की मूल डिग्री या डिप्लोमा, सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी दिव्यांगता प्रमाण पत्र तथा यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड शामिल हैं। उन्होंने मतदाताओं से निर्धारित पहचान पत्र साथ लेकर मतदान केंद्र पहुंचने की अपील की है।


शहर के मुख्य मार्ग पर फ्लैग मार्च करते एसपी दीपक भूकर एवं अन्य।

एसपी ने चौक सहित आसपास के इलाकों का लिया जायजा

भरत मिलाप पर ड्रोन से निगरानी

प्रतापगढ़। बेल्हा के ऐतिहासिक भरत मिलाप पर्व को सकुशल और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन सतर्क है। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देशन में शहर में ड्रोन कैमरे से निगरानी की जा रही है। भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों, प्रमुख मार्गों और आयोजन स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष सतर्कता बरती जा रही है।

ड्रोन कैमरे की मदद से शहर के विभिन्न इलाकों पर नजर रखी जा रही है, ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि का समय रहते पता लगाकर आवश्यक कारवाई की जा सके। पर्व के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिसकर्मियों को मुस्तैद किया गया है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने मातहतों के साथ शहर के चौक सहित आसपास के इलाकों में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने पर्व के दौरान सतर्कता बनाये रखने और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने पर जोर दिया। पुलिस ने लोगों से भरत मिलाप पर्व को आपसी सौहार्द और शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की है। साथ ही अफवाहों पर ध्यान न देने और कानून व्यवस्था बनाये रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करने का अनुरोध किया है।

मारपीट और धमकी देने के आरोप में चार पर मुकदमा

पट्टी, प्रतापगढ़। कोतवाली क्षेत्र के सदहा गांव में गाली-गलौज का विरोध करने पर युवक की लाठी-डंडे और लात-घूंसों से पिटाई कर दी गयी। पुलिस ने चार आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। गांव निवासी रामजी पुत्र कुंजल ने तहरीर में आरोप लगाया कि २१ अक्तूबर की सुबह करीब आठ बजे पड़ोसी रामबरन, राकेश गौतम, अभिषेक कुमार और अरविंद गौतम ने उनकी मां और बहन को लेकर गाली-गलौज की। विरोध करने पर चारों ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। मामले की जांच उपनिरीक्षक अतुल कुमार यादव को सौंपी गयी है।

युवक का शव घर पहुंचते ही मचा कोहराम

प्रतापगढ़। डंपर की टक्कर से बहन, बहनोई और युवक की मौत से परिवार में मचा चीत्कार थमने का नाम नहीं ले रहा है। गुरुवार दोपहर पोस्टमार्टम के बाद युवक का शव घर पहुंचा तो परिजनों में कोहराम मच गया। हादसे में घायल मासूम बेटा अपने पिता के शव को एकटक निहारता रहा। यह दृश्य देख वहां मौजूद लोगों की आंखें नम हो गईं। कुंडा कोतवाली क्षेत्र के गयासपुर गांव निवासी ४० वर्षीय नोखेलाल भारती बुधवार को अपनी ३५ वर्षीय बहन रीता और ४० वर्षीय बहनोई हैदर को बाइक से उनके घर जलालपुर, मऊआइमा, प्रयागराज छोड़ने जा रहा था। बाइक पर उसका मासूम बेटा शिवम भी सवार था। बाघराय थाना क्षेत्र के छेंवगा गांव के पास डंपर की टक्कर से बाइक सवार तीनों की मौत हो गयी, जबकि दूर जा गिरा शिवम घायल हो गया। नोखेलाल की मौत से पत्नी सोनम और चार बच्चों पवन, लक्की, शिवम एवं प्रियांशी का रो-रोकर बुरा हाल है। गुरुवार शाम परिजनों ने गांव के बाहर दुअर किनारे नोखेलाल का अंतिम संस्कार कर दिया। वहीं, रीता और हैदर के शव उनके पैतृक आवास मऊआइमा ले जाए गए।

बुदुल अध्यक्ष, प्रिन्स बरनवाल को महामंत्री की जिम्मेदारी

श्री हनुमान रामलीला समिति की नयी कार्यकारिणी गठित

पट्टी, प्रतापगढ़। नगर के रायपुर रोड स्थित विवाह मंडपम में बुधवार को श्री हनुमान रामलीला समिति की बैठक आयोजित की गयी। इसमें समिति की नई कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। दिनेश बहादुर सिंह उर्फ बुदुल सिंह को अध्यक्ष और प्रिन्स बरनवाल को महामंत्री चुना गया।

कार्यकारिणी में नगर पंचायत अध्यक्ष अशोक कुमार जायसवाल को संरक्षक, बृजेश सिंह को प्रबंधक, राम चरित्र वर्मा और रमेश सोनी को उपाध्यक्ष, राजकुमार वर्मा को सह-प्रबंधक तथा मनुज जायसवाल को कोषाध्यक्ष बनाया गया। इसके अलावा रामबहादुर पाल को डायरेक्टर, राम सिंह को संगीत निर्देशक, सुजीत गुप्ता को प्रचार मंत्री तथा राहुल सोनी और शिवकुमार सोनी को सह-प्रचार मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गयी। बैठक में आगामी रामलीला आयोजन की तैयारियों पर चर्चा हुई। निर्णय लिया गया कि इस वर्ष पट्टी में रामलीला का मंचन २० नवंबर से शुरू होगा। पदाधिकारियों ने आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी सदस्यों से सहयोग की अपील की। इस मौके पर कैलाश सिंह, राजू श्रीवास्तव, राम मुसाफिर चौधरी, सौरभ सिंह और राजन उमरवैश्य सहित समिति के सदस्य एवं नगर के लोग मौजूद रहे।

नवनियुक्त ४१ सेक्रेटरी को ब्लाक आवंटित

प्रतापगढ़। जिले के नवनियुक्त ४१ ग्राम पंचायत अधिकारियों को गुरुवार को डीएम और सीडीओ के अनुमोदन के बाद डीपीआरओ श्रीकांत दर्वे ने ब्लाक आवंटित कर दिया। उन्होंने सभी नवनियुक्त ग्राम पंचायत अधिकारियों को तैनाती वाले विकास खंड में कार्यभार ग्रहण कर सूचना उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। डीपीआरओ ने बताया कि ब्लाक में कार्यभार ग्रहण करने के बाद सभी सेक्रेटरी को क्लस्टर आवंटित किया जायेगा।

सूचना-मेरा इण्टरमीडिएट वर्ष 2009 अनुक्रमांक 1184573 का अंकपत्र व प्रमाणपत्र वास्तव में खो गया है। सीमा वर्मा पुत्री मुन्ना लाल वर्मा निवासी-ग्रा0-आलमपुर ढेमा पीपरपुर जनपद-अमेठी।